# भारत होटल्स लिमिटेड

सीआईएन : U74899DL1981PLC011274
पंजीकृत कार्यालय : बाराखंभा लेन, नई दिल्ली- 110001 (भारत)
दूरभाष : 91-11-44447777 / 44447886
ईमेल : bhlshare@thelalit.com, वेबसाइट : www.thelalit.com

## 44वीं वार्षिक आम बैठक तथा ई-वोटिंग की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **भारत होटल्स लिमिटेड ('कंपनी')** के सदस्यों की 44वीं वार्षिक आम बैठक **('एजीएम') गुरुवार, 25 सितंबर, 2025 को सुबह 11:30 बजे (आईएसटी) पर, वीडियो कॉन्फ्रेंस ('वीसी') / अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ('ओएवीएम')** के माध्यम से, एजीएम बुलाने की सूचना में निर्धारित व्यवसायों का संचालन करने के लिए आयोजित की जाएगी। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम बुलाने की सूचना के साथ, इलेक्ट्रॉनिक विधि के माध्यम से उन सदस्यों को पहले ही भेज दी है जिनके ईमेल पते कंपनी तथा/या डिपॉजिटरी के पास 8 अप्रैल 2020 के सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 तथा इस संबंध में जारी किए गए बाद के परिपत्रों के अनुसार पंजीकृत हैं, जिनमें से नवीनतम 19 सितंबर 2024 का 09/2024 है, जो कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किया गया है (जिन्हें सामूहिक रूप से परिपत्र कहा जाता है)। जिन शेयरधारकों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उनके लिए एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट तक पहुँचने के लिए वेब-लिंक युक्त एक पत्र भेजा गया है। प्रलखों की मुद्रित प्रतियाँ प्राप्त करने के इच्छुक शेयरधारक **bhlshare@thelalit.com** पर ईमेल करके अनुरोध कर सकते हैं। सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **www.thelalit.com** पर निवेशक संबंध अनुभाग के अंतर्गत, तथा केफिन टेक्नोलोजी लिमिटेड **('केफिन टेक')** की वेबसाइट **https://evoting.kfintech.com/** पर उपलब्ध हैं।

**वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग तथा वोटिंग :** कंपनी अधिनियम 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के अनुसार, सदस्यों को केफिन टेक द्वारा **https://evoting.kfintech.com/** पर उपलब्ध कराई गई दूरस्थ ई-वोटिंग प्रणाली ('रिमोट ई-वोटिंग') के माध्यम से वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना में दिए गए सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डालने की सुविधा प्रदान की जाती है। **गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 ('कट-ऑफ तिथि') तक** भौतिक या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सभी सदस्य रिमोट ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से अपना वोट डालने के पात्र हैं। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि तक सदस्य नहीं हैं, उन्हें इस सूचना को केवल सूचनात्मक उद्देश्यों के लिए ही लेना चाहिए।

**रिमोट ई-वोटिंग अवधि रविवार, 21 सितंबर, 2025 को सुबह 9:00 बजे** (भारतीय मानक समय) से आरंभ होकर बुधवार, 24 सितंबर, 2025 को सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) पर समाप्त होगी। उपरोक्त अवधि के बाद रिमोट ई-वोटिंग अक्षम कर दी जाएगी। एक बार डाले गए वोट को बाद में बदला नहीं जा सकेगा। वे सदस्यगण, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में उपस्थित होंगे तथा जिन्होंने प्रस्तावों पर रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है तथा जिन्हें ऐसा करने से अन्यथा प्रतिबंधित नहीं किया गया है, वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट डालने के पात्र होंगे।

**बैठक का स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा जो बाराखंभा लेन, नई दिल्ली-110001 (भारत) में स्थित है।**

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों की उपस्थिति को कोरम की गणना के लिए गिना जाएगा। **दिनांक 18 सितंबर 2025 ('कट-ऑफ तिथि')** तक शेयर रखने वाले सभी सदस्य केफिन टेक द्वारा **https://emeetings.kfintech.com** पर उपलब्ध कराए गए वीसी/ओएवीएम प्लेटफॉर्म के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकेंगे। सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे एजीएम में शामिल होने तथा वोट डालने की प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए एजीएम सूचना में दिए गए नोट्स को ध्यान से पढ़ें। कोई भी व्यक्ति, जो कंपनी द्वारा सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी के शेयर प्राप्त करता है तथा कंपनी का सदस्य बनता है, तथा कट-ऑफ तिथि तक शेयर रखता है; कंपनी या केफिन टेक को अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

**पैन / केवाईसी / बैंक विवरण / नामांकित व्यक्ति विवरण / ई-मेल पता / संपर्क विवरण पंजीकृत या अद्यतन करने की विधि : भौतिक धारिता :** संबंधित प्रलेख प्रस्तुत करके विवरण पंजीकृत करें। केवाईसी विवरण अद्यतन करने के प्रारूप आरटीए की वेबसाइट **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms.aspx** पर उपलब्ध हैं। **अभौतिक धरिता :** संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों) से संपर्क करें।

**यदि ऊपर उल्लिखित प्रकरणों के संबंध में आपके कोई प्रश्न या शिकायत हैं, तो आप निम्न से संपर्क कर सकते हैं :** केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट नं. 31-32, वित्तीय जनपद, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली मंडल, हैदराबाद- 500032 । टोल फ्री नंबर : 1800-309-4001 | ई-मेल : **evoting@kfintech.com** तथा **einward.ris@kfintech.com** या भारत होटल्स लिमिटेड, बाराखंभा लेन, नई दिल्ली- 110001 से पदनामित ई-मेल आईडी **: bhlshare@thelalit.com या +91 11 4444 7886 पर संपर्क करें।**

**कृते भारत होटल्स लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**(हिमांशु पंडित)**
**कंपनी सचिव तथा विधि प्रमुख**
**सदस्यता सं. एसीएस-13531**

**दिनांक : 30 अगस्त, 2025**
**स्थान : नई दिल्ली**